त्रैमासिक परीक्षा 2017-2018

हिन्दी भाषा

कक्षा : VII

समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें - **[15]**

(क) आपने अपनी पहली लम्बी यात्रा किस सवारी (बस, रेल या हवाई जहाज) से पूरी की ? इस यात्रा का अनुभव विस्तार से लिखें।

(ख) हम सब पढ़-लिखकर जीवन में कुछ बनना चाहते हैं । आपके भी जीवन का कोई लक्ष्य होगा। वह क्या है? आपने यह लक्ष्य क्यों चुना ? विस्तार से लिखें।

(ग) आज के युग में कंप्यूटर जीवन के हर क्षेत्र में अनिवार्य हो गया है। इसके प्रयोग से होने वाले लाभ व हानियों की चर्चा करें।

(घ) ''जैसी करनी वैसी भरनी'' लोकोक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखें।

2. ''भाषण प्रतियोगिता'' में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई देते हुए पत्र लिखें। **[10]**

अथवा

अपना सेक्शन (विभाग) बदलवाने के लिए प्रधानाचार्या को आवेदन पत्र लिखें।

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें : **[16]**

एक जंगल में चार गाएँ रहती थीं। उनमें गहरी मित्रता थी। वे हमेशा साथ-साथ घूमने जातीं, साथ-साथ चरतीं। वे बहुत सुख से रहती थीं। जंगल के सभी जानवर उनसे डरते थे। यदि कोई जानवर उन पर आक्रमण करता तो वे चारों मिलकर उसे हरा होती थीं।

इन चारों की दोस्ती शेर को खटकती थी। वह उन गायों को मारकर खा लेना चाहता था। लेकिन जब वे उन चारों की एकता देखता तो डरकर पीछे हट जाता था। एक दिन शेर ने एक चाल चली। उसने एक गाय को अपने पास बुलाकर उसके कान में दूसरी गाय के बारे में कुछ कहा। उसकी बात सुनकर वह गाय अपने साथियों से अलग रहने लगी। उसकी तरकीब काम आ गई। फिर उस शेर ने बाकी तीन गायों को बहला-फुसलाकर उनमें फूट डलवा दी। एक दिन चारों गायों में खूब झगड़ा हो गया और चारों गाएँ अलग-अलग चरने लगीं। शेर तो इसी ताक में था। उसने मौका देखकर एक गाय पर हमला किया। आपसी दुश्मनी के कारण दूसरी गायों ने उसकी मदद नहीं की। शेर ने उसे मारकर खा लिया। फिर उस शेर ने एक-एक करके चारों गायों को मारकर उनका मांस खा लिया।

(क) जंगल के सभी जानवर किनसे डरते थे ? तथा क्यों ? **[4]**

(ख) चारों गायों के बीच फूट डालने के लिए शेर ने कौन-सी तरकीब अपनाई ? **[4]**

(ग) अंत में गायों के साथ क्या हुआ ? **[4]**

(घ) इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? **[2]**

(ङ) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाएँ :- **[2]**

इंतजार, हैरान, चरण, प्रमाण

Downloaded From www.icseboard.org

4. **निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें : (शब्द उतारें)** [3]

किरण, खग, गंगा ।

5. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें (शब्द उतारें)** [3]

आवश्यक, उपकार, आयात, उदास, कटु, कायर ।

6. **निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो भिन्न अर्थ लिखें - (शब्द उतारें)** [3]

अंग, कर, काम

7. **निम्नलिखित समश्रुत-भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखें।** [3]

जलद - ग्रह - चरम -

जलज - गृह - चर्म -

8. **निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें।** [3]

(क) जिसकी उपमा न हो -

(ख) स्वर का ऊपर उठना -

(ग) पढ़ने वाला -

9. **निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाएँ - (उपसर्ग उतारें)** [2]

पर, ति ।

10. **निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाएँ - (प्रत्यय उतारें)** [2]

अंत, ई ।

11. **निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखें।** [3]

भरपेट, रेखांकित ।

12. **निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कर संधि का भेद लिखें।** [3]

सूर्योदय, मतानुसार ।

13. **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो से वाक्य बनाएँ।** [7]

(क) आपे से बाहर होना ।

(ख) ईद का चाँद होना ।

(ग) कलेजे पर पत्थर रखना ।

(घ) कान देना ।

Downloaded From: www.icseboard.org

14. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्त्तन करें – **[7]**

(क) यह सड़क पाँच किलोमीटर लंबी है । (विशेषण चुनकर भेद लिखें)

(ख) सेठानी ने ब्राह्मणी को भोजन कराया । (लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें)

(ग) माली घास काट रहा है । (क्रिया चुनकर भेद लिखें।

(घ) एकाएक बत्ती चली गई । (क्रिया विशेषण चुनकर भेद लिखें)

(ङ) मज़दूर सामान उठा रहा है । (भविष्यत् काल में बदलें)

(च) तुम तुम्हारे मित्रों से बात करो । (वाक्य शुद्ध करें)

(छ) वह अवश्य ही मेरे घर आएगी । (वाक्य शुद्ध करें)

Downloaded From www.icseboard.org